# चलीं मशीनें, 965 मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन

गोरखपुर। शंखों की ध्वनि के बीच मंगलवार की दोपहर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जैसे ही बटन दबाकर कारखाने का लोकार्पण किया, कारखाने की चिमिनियों ने धुंआ उगलने के साथ खाद का उत्पादन शुरू कर दिया। मंच और जनसभा स्थल पर लगे 25 एलईडी स्क्रीन के जरिए प्रधानमंत्री और आम लोगों ने यूरिया खाद को बनते देखा। लोकार्पण के समय से शुरू हुआ उत्पादन पीएम के जाने के बाद भी जारी रहा। इस दौरान कुल 965 मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन हुआ। इसके साथ ही 45 से 60 दिन तक के लिए कारखाने में खाद का उत्पादन बंद हो गया। इस बीच सभी मशीनों की जांच की जाएगी। एचयूआरएल के अधिकारियों के मुताबिक फरवरी से फिर नियमित उत्पादन शुरू हो जाएगा। ब्यूरो

